पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक १, वायुसेना स्थल, चकेरी, कानपुर

बालवाटिका – 3 एवं कक्षा 1 (2025-26) में प्रवेश हेतु प्रवेश सूचना

दिनांक : 06.03.2025

शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए **केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक १, वायुसेना स्थल, चकेरी, कानपुर** में **बालवाटिका – 3 एवं कक्षा 1** में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण **दिनांक 07.03.2025 (Friday) प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 21.03.2025 (Monday) रात्रि 10:00 बजे तक** किया जा सकेगा। प्रवेश संबन्धित विवरण **वेबसाइट** **https://kvsangathan.nic.in/en/admission/** के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।

- **कक्षा – 1** के लिए ऑनलाइन आवेदन का लिंक: **https://kvsonlineadmission.kvs.gov.in**
- **बालवाटिका – 3** के लिए ऑनलाइन आवेदन का लिंक: **https://balvatika.kvs.gov.in** उपलब्ध होंगे।

- अभिभावकों से अनुरोध है कि वे पोर्टल का उपयोग करने से पहले निर्देशों का सावधानी से पालन करें।
- यदि आवेदन पत्र में कोई गलत/ भ्रामक जानकारी दी गयी है तो के वि में प्रवेश प्रक्रिया के दौरान प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा |

कक्षा 1 में प्रवेश हेतु न्यूनतम आयु 6 वर्ष है एवं बालवाटिका – 3 में प्रवेश हेतु आयु 5 वर्ष से 6 वर्ष है और आयु की गणना 31.03.2025 से होगी।

समस्त अभिभावक पंजीकरण करने के समय ही निम्नलिखित दस्तावेजों की उपलब्धता सुनिश्चित कर लें |

1. **जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)**
2. **निवास प्रमाण**
3. **जन्म तिथि प्रमाण पत्र**

4. **सेवा प्रमाण पत्र (पाल्य की जन्मतिथि एवं नाम के साथ)(केन्द्रीय/राज्य सरकार के कर्मचरियों और स्वायत्त निकायों के लिए लागू)**
5. **स्थानान्तरण की संख्या दिखाने वाला सेवा प्रमाणपत्र (पिछले 7 वर्षों के दौरान स्थानांतरणों को विधिवत रूप से हस्ताक्षरित और मुहर लगाकर कार्यालय के प्रमुख द्वारा नाम, पदनाम और अन्य प्रासंगिक विवरणों को ब्लॉक अक्षरों में लिखा गया है। (केंद्रीय / राज्य सरकार के कर्मचारियों और स्वायत्त निकायों के लिए लागू)**
6. **एकल पुत्री शपथ प्रमाण पत्र रू- 100/ के गैर न्यायिक स्टाम्प पर - (यदि लागू हो)**
7. **मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी विकलांग प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)**
8. **वेतन भोगी कर्मचारियों की वेतन बैंक पासबुक**
9. **EWS प्रमाणपत्र (निर्धारित प्रारूप में) (यदि लागू हो)**
10. **बच्चे का आधार कार्ड**
11. **सैनिक कर्मियों का पार्ट २ आर्डर का प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)**

प्रवेश संबंधी सभी सूचनाओं की जानकारी के लिए **विद्यालय की वेबसाइट https://no1kanpur.kvs.ac.in/ या मुख्यालय की वेबसाइट https://kvsangathan.nic.in** निरंतर देखें।

बालवाटिका – 3 एवं कक्षा -1 में प्रवेश प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन (Online) है|

नोट: अन्य कक्षाओं में रिक्तियाँ होने पर प्रवेश प्रक्रिया ऑफलाइन माध्यम से होगी | जिसकी सूचना 31.03.2025 को प्रकाशित की जाएगी|

प्राचार्य